Regarding need to strengthen healthcare facilities in North East Delhi Parliamentary Constituency-Laid

श्री मनोज तिवारी **(उत्तर-पूर्व दिल्ली) :** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर-पूर्वी दिल्ली की गंभीर रूप से प्रभावित स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । प्रतिदिन आने वाली भारी मरीज-भीड़ और लगभग 50 लाख की स्थानीय आबादी को अत्यल्प संसाधनों, चिकित्सकों की कमी के कारण भीषण अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है । कई गंभीर रोगों से पीड़ित मरीज समय पर उपचार न मिलने से जीवन खो रहे हैं, जो अत्यंत चिंतनीय और पीड़ादायक है । अतः मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि 1. वर्तमान स्वास्थ्य तंत्र को तत्काल सुदृढ़ एवं सक्रिय किया जाए । 2. उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए । 3. आधुनिक मशीनों और जाँच सुविधाओं से युक्त 500 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल शीघ्र निर्मित कराया जाए । इन आवश्यक कदमों से क्षेत्र की विशाल जनसंख्या को सुलभ, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो सकेंगी ।